## एक्टिंग सीजे ने छोड़ी एस्कॉर्ट, जस्टिस जैन आए साइकिल से हाईकोर्ट

**जयपुर।** पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से ऊर्जा संरक्षण को लेकर देशवासियों से किए गए आव्हान का असर अब न्यायपालिका में भी दिखाई देने लगा है। बीते दिनों कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने एस्कॉर्ट वाहन को छोड दिया। अब जस्टिस समीर जैन लंबी दूरी तय कर साइकिल के जरिए हाईकोर्ट पहुंचे।जस्टिस समीर जैन ने अपने सरकारी लग्जरी वाहन का उपयोग छोडकर साइकिल से हाईकोर्ट पहुंचकर ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ फिटनेस का संदेश भी दिया। गांधीनगर स्थित अपने सरकारी निवास से साइकिल के जरिए हाईकोर्ट पहुंचने के दौरान शूट किए वीडियो में उनके साथ कोई सुरक्षाकर्मी भी नजर नहीं आ रहा है। दूसरी ओर निचली अदालतों के कई पीठासीन अधिकारी भी कारपूलिंग कर अदालत पहुंच रहे हैं। सरकारी आवास से बनीपार्क स्थित सेशन कोर्ट की दूरी काफी अधिक होने के कारण न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल के बजाए कारपूलिंग चुना है। इसके जरिए न्यायिक अधिकारी एक कार में सवार होकर अदालत पहुंच रहे हैं। सरकारी अफसरों और जजों के इस तरह के प्रयासों से न केवल ऊर्जा संरक्षण किया जा रहा है, बल्कि सडक़ों पर वाहनों के भार में भी कमी आई है। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों ऊर्जा संरक्षण के लिए देशवासियों का आ ान करते हुए ईंधन और खाद्य तेल का कम से कम उपयोग करने की बात कही थी। इसके बाद उन्होंने अपने बेड़े में वाहनों की संख्या भी काफी कम कर दी। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने साथ चलने वाले वाहनों की संख्या को काफी कम कर दिया। बीते शुक्रवार को एक कार्यक्रम में तो वे ईवी के जरिए पहुंचे। दूसरी ओर प्रदेश के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा सरकारी वाहन छोडक़र रोडवेज की बस से फागी पहुंचे थे।

# देरी से भुगतान पर बीमा कंपनियों पर लगेगी12 प्रतिशत की पेनल्टी

### वर्ष 2018 से 2022 तक के 33.15 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम अभी तक लंबित : कृषि मंत्री

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत देरी से क्लेम भुगतान पर फसल बीमा इंश्योरेंस कंपनियों को सख्त नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हित में निरंतर निगरानी रख रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक पात्र किसान को उसका उचित फसल बीमा क्लेम समय पर प्राप्त हो। किसानों के फसल बीमा क्लेम के भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर राजस्थान सरकार ने बेहद गंभीर रुख अपनाया है।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल ने बताया कि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बीमा क्लेम समय पर भुगतान के लिए राज्य सरकार गंभीर : डॉ. किरोड़ीलाल**

कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड, क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी तथा इंडसइंड (रिलायन्स) जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड को सख्त नोटिस जारी करते हुए लंबित क्लेमों का तत्काल भुगतान करने तथा 12 प्रतिशत पेनल्टी सहित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 से 2022 तक के 33.15 करोड़ रुपये के फसल बीमा क्लेम अभी तक लंबित हैं, जबकि किसान आवश्यक दस्तावेज जमा कर चुके हैं। राज्य सरकार के बार-बार निर्देशों और भारत सरकार द्वारा 16 फरवरी 2024 को जारी दिशा-निर्देशों के बावजूद कंपनी द्वारा कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

परिचालन मार्गदर्शिका 2023 के अनुसार निर्धारित 21 दिनों में क्लेम का भुगतान न करने पर बीमा कंपनी पर 12 प्रतिशत वार्षिक पेनल्टी लगाने का स्पष्ट प्रावधान है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना राजस्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फसल बीमा क्लेमों के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी को सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बीमा कंपनी को 3 कार्यदिवस के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा है कि क्यों न लंबित क्लेमों पर देयता की तारीख से भुगतान की तारीख तक 12 प्रतिशत पेनल्टी लगाई जाए।

साथ ही सभी लंबित क्लेमों का तुरंत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि कंपनी ने समय पर भुगतान नहीं किया तो केंद्र सरकार को रिपोर्ट करने सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना बनी गेम चेजिंग स्कीम

### योजना के दसवें चरण में 465 औद्योगिक भूखण्डों के लिए लगभग 800 आवेदन प्राप्त

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु उद्यिमयों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रीको द्वारा संचालित प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 को निवेशकों का लगातार उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है। योजना के दसवें चरण में 465 औद्योगिक भूखण्डों के लिए लगभग 800 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल लगभग 294 एकड़ तथा अनुमानित मूल्य करीब 550 करोड़ रुपये है।

इस चरण में जोधपुर के औद्योगिक क्षेत्र कांकाणी के लिए सर्वाधिक 267 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त अजमेर स्थित आईजीपी अजयमेरू पालड़ा विस्तार के लिए 48, अलवर के आईजीपी रूंध सोखरी के लिए 43, पचपदरा रिफाइनरी के पास विकसित किये गये औद्योगिक क्षेत्र बोरावास कलावा प्रथम के लिए 31 तथा

- **इस योजना के माध्यम से राज्य में निवेश एवं रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकेंगे**

बोरानाडा विस्तार औद्योगिक क्षेत्र के लिए 58 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

रीको ने असंतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड आवंटन के लिए फ्लेक्सिबल लैंड लीज एवं किराया नीति में आंशिक संशोधन कर यह प्रावधान किया है कि जिन औद्योगिक क्षेत्रों में दो प्रयासों के बाद भी 25 प्रतिशत से अधिक भूखण्डों का आवंटन नहीं हो पाया है, वहां भूखण्डों का आवंटन प्रचलित दर के 60 प्रतिशत अथवा आरक्षित दर, जो भी अधिक हो, पर किया जायेगा। नौवें चरण में 60 प्रतिशत दर पर उपलब्ध कराए गए 22 भूखण्डों के लिए 25 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें सर्वाधिक आवेदन अजमेर के अजयमेरू पालड़ा विस्तार क्षेत्र के लिए आए थे। वहीं दसवें चरण में ऐसे असंतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों के लिए पहले से कहीं अधिक 113 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अजयमेरू पालड़ा विस्तार (अजमेर), सरदारशहर विस्तार (चूरू), कचारिया (किशनगढ़), लोहावट एवं सियामाली (मंडौर) सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में इसी संबंध में बडी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं।राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप रीको लगातार निवेश-अनुकूल नीतियों पर कार्य कर रहा है। निवेशकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किए जा रहे सुधार एवं नीतियों का सरलीकरण राज्य में औद्योगिक निवेश को नई गति प्रदान करेंगे तथा नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देंगे। रीको द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने एवं उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी दोषमुक्त

**जयपुर।** खाटूश्यामजी दर्शन करने के बहाने से नाबालिग के साथ दुष्कर्म से जुड़े प्रकरण में पोक्सो एक्ट मामलों की विशेष अदालत में न्यायाधीश विकास खंडेलवाल ने अभियोजन कहानी को पूर्णतया विश्वसनीय एवं संदेहास्पद मानते हुए मेडिकल साक्ष्य के अभाव में मामले में आरोपी 21 वर्षीय विकास झींगनिया निवासी झोटवाड़ा को दोषमुक्त करने के आदेश दिए हैं । अदालत ने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष ने मामले में लगाए आरोपों को युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में पूर्णतया असफल रहा।

एडवोकेट अजीत सिंह देवंदा, हर्ष गोस्वामी व निधि गुप्ता ने मामले में आरोपी रहे विकास झींगनिया की ओर से पैरवी करते हुए विशेष अदालत में बताया कि मामले में बिना कोई अपराध गठित हुए तथाकथित पीड़िता की माता परिवादिया ने एफ. आई. आर. 2025 में दर्ज कराई थी। अदालत में पेश हुए गवाहों ने अभियोजन की कहानी लेश मात्र भी संपुष्ट नहीं की है ।

# भारतीय शिक्षा बोर्ड ने अपनाई नई राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा रूपरेखा

### नेशनल करिक्कूलम फ्रेम वर्क ( एनसीएफ 2023 ) लागू करने वाला देश का पहला बोर्ड बना

**हरिद्वार।** आज़ादी के 75 साल बाद भी भारत "मैकाले की शिक्षा पद्धति" की 'गुलामी' से आजाद नहीं हो पाया है। इस शिक्षा की गुलामी को उखाड़ फेंकने का संकल्प कुछ वर्ष पहले स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने लिया और उनकी सोच को बीएसबी बोर्ड बनाकर भारत सरकार ने साकार कर मजबूती प्रदान की। अब यही बोर्ड, देश को भारतीय शिक्षा बोर्ड के रूप में नई दिशा देते हुए दिख रहा है।

यह बात यूं ही नहीं कही जा रही बल्कि इसके पीछे मजबूत आधार यह है कि भारतीय शिक्षा बोर्ड (बीएसबी) ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शैक्षिणक सत्र 2026-27 से बालवाटिका से माध्यमिक स्तर तक स्कूली शिक्षा के सभी चरणों में राष्ट्रीय पाठ्य चर्चा रूपरेखा-विद्यालयी शिक्षा 2023 (एनसीएफ 2023) तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा रूपरेखा आधारभूत स्तर 2022 (एनसीएफ-एफएस 2022) को लागू करने की घोषणा की है। जिसका सीधा मायने यह है कि मैकाले की शिक्षा की गुलामी से अब भारत आजाद होगा।

भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह पहल करने वाला भारतीय शिक्षा बोर्ड देश का पहला विद्यालयी बोर्ड बन गया है। जिसने



संपूर्ण विद्यालयी शिक्षा क्रम में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा का व्यापक एवं समग्र कार्यान्वयन सुनिश्चित किया है। यह कार्यान्वयन रटंत शिक्षा पद्धित से आगे बढ़ते हुए दक्षता आधारित, अनुभवात्मक तथा समग्र शिक्षा की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालय अब शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धितयों, बहुभाषी शिक्षा दृष्टिकोण तथा विभिन्न आयु-स्तरों के अनुरूप पाठ्यचर्या संरचना को अपनाएंगे, जिससे विद्यार्थियों में अवधारणात्मक समझ के साथ-साथ ज्ञान के व्यावहारिक जीवन में उपयोग की क्षमता विकसित होगी।

भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एवं रिटायर्ड आईएएस डॉ. एनपी सिंह

- **बालवाटिका से माध्यमिक स्तर तक स्कूली शिक्षा के सभी चरणों में राष्ट्रीय पाठ्य चर्चा होगी लागू**
- **मैकाले की 'गुलामी' वाली शिक्षा पर भारतीय शिक्षा बोर्ड की करारी चोट होगी : डॉ. एन.पी. सिंह**

का कहना है कि सच्ची शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों और परीक्षाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा का पोषण करती है तथा व्यक्तियों को 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों से सुसज्जित करती है, जिससे वे आधुनिक विश्व में समाज और राष्ट्र पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। इसलिए यह पहल राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो शिक्षा नीति को कक्षा-स्तर की वास्तविक शिक्षण प्रक्रिया में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में भारतीय शिक्षा बोर्ड को अग्रणी संस्था के रूप में स्थापित करती है।

# विधानसभा के 75 वर्ष पर लोगो का विमोचन व द्वार नामकरण होगा

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया है कि राजस्थान विधान सभा की स्थापना के 75 वें वर्ष के अवसर पर विधान सभा के प्रतीक चिन्ह का विमोचन और विधान सभा के ऐतिहासिक द्वारों के नामकरण की पट्टिकाओं का अनावरण विधान सभा में सोमवार 18 मई को होगा। विधायक कक्ष में सोमवार को प्रात: 10:30 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सहित विधायक गणों को आमंत्रित किया गया है। समारोह का सजीव प्रसारण विधानसभा के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के स्पीकर वासुदेव देवनानी ने गत ढाई वर्षों में राजस्थान विधान सभा में बेहतरीन पहले कर नवाचारों की श्रंखला बना दी हैं। इससे राजस्थान विधान सभा की देश में अनूठी पहचान बनी है। यह विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा भी बन गई है। देवनानी ने गुलाबी नगर की पहचान के अनुरूप विधान सभा सदन के स्वरूप में नवाचार कर उसे गुलाबी किया है। विधान सभा की डिजिटल एवं पेपरलेस व्यवस्था, डिजिटल संग्रहालय, संविधान दीर्घा, वंदेमातरम दीर्घा, लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने के लिए जनदर्शन कार्यक्रम. शौर्य वाटिका, नक्षत्र वाटिका, हर्बल वाटिका, ऑनलाइन उपस्थिति, विधान सभा में महिला दिवस जैसे आयोजनों ने विधान सभा को नई पहचान दी है।

उत्तरदायित्व की प्रश्नोत्तरी, सेन्ट्रल हॉल की परिकल्पना, विधान सभा सदन में चर्चा का समय बढ़ा, सुरक्षा हुई चाक चौबन्द, सोशल मीडिया इन्फ्लुएसर्स मीट और कॉन्स्टिटयूशन क्लब को बनाया विचार-विमर्श का केन्द्र सहित अनेक नवाचारों से राजस्थान विधान सभा के स्वरूप में अदभुत निखार आ गया है।

## सूडान के दो विदेशी नागरिक ड्रग्स सहित गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने सूडान के दो विदेशी नागरिकों को मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि रामनगरिया थाना क्षेत्र स्थित एसके आईटी कॉलेज के गेट नंबर-3 के सामने घेराबंदी की।

## त्रुटिपूर्ण प्रश्नों और गलत उत्तर कुंजी पर हाईकोर्ट गंभीर

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने भर्ती परीक्षाओं में त्रुटिपूर्ण प्रश्नों और गलत उत्तर कुंजी को लेकर बार-बार याचिकाएं आने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव को कहा है कि वे कार्मिक सचिव की अध्यक्षता में वरिष्ठ आईएएस अफसरों की एक हाई लेवल कमेटी का गठन करें। यह कमेटी इस विषय पर गहन परीक्षण कर भविष्य की भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुचिता सुनिश्चित करने के लिए एसओपी बनाने के साथ ही अन्य सुधारात्मक उपाय भी निर्धारित करे। अदालत ने कहा है कि कमेटी यह भी परीक्षण करेगी कि क्या ऐसे प्रश्न और उत्तर कुंजी तैयार करने वाले अधिकारियों और विशेषज्ञों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई आरंभ की जा सकती है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती-2022 लेवल द्वितीय को लेकर दायर 45 याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्तमान में बेरोजगारी ने अत्यंत गंभीर रूप धारण कर लिया है और प्रतिस्पर्धा असाधारण स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में एक-एक प्रश्न भी अत्यधिक महत्व रखता है और एक प्रश्न से सैकडों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित होता है।

- **पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन कर एसओपी बनाने के निर्देश दिए**

इसलिए प्रश्न पत्र तैयार करने और उत्तर कुंजी बनाने में अत्यधिक सावधानी, निष्पक्षता व सतर्कता जरूरी है। अदालत ने कहा कि भर्ती एजेंसियों को परीक्षा संचालन में लापरवाही करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन पर संवैधानिक दायित्व है कि वे सक्षम विषय विशेषज्ञों के माध्यम से प्रश्न पत्र व उत्तर कुंजी पूर्ण शुचिता से तैयार करें, ताकि किसी भी गलती की संभावना नहीं हो। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि साल 2022 की तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल 2 के परिणाम के बाद नियुक्तियां हुई। वहीं बाद में कोर्ट के आदेश से संशोधित परिणाम जारी हुआ। इसके याचिकाकर्ताओं के अंक पूर्व में नियुक्त अभ्यर्थियों से अधिक हो गए, लेकिन नई कट ऑफ में शामिल नहीं हो सके। ऐसे में उनसे कम अंक वालों को मिली नियुक्ति के चलते उन्हें भी नियुक्ति दी जाए।

## बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत, दो साथी घायल

**जयपुर ।** गलता गेट थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी मामूली घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को राउंडअप कर लिया है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि हादसे में रामगंज स्थित फूटा खुर्रा निवासी मोहम्मद रईस (21) पुत्र मुमताज अली की मौत हो गई। जो शुक्रवार देर रात अपने दो साथियों के साथ स्कूटी से गलता गेट से घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार धोबी घाट से निकलते समय पंजाब नंबर की एक बस के चालक ने स्कूटी को ड्राइवर साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान आगे मोड़ आने पर चालक ने बस को घुमाया, जिससे स्कूटी बस के टायर और डिवाइडर के बीच आ गई। हादसे में मोहम्मद रईस गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं स्कूटी पर सवार उसके दो साथियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले में बस को जब्त कर चालक से पूछताछ की जा रही है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

## सार-समाचार

### नेहल को 12वीं बोर्ड परीक्षा में ए-1 ग्रेड



**जयपुर** (कासं)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परिणाम में जयपुर निवासी नेहल को ए1 ग्रेड मिली है। केंब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल मानसरोवर की छात्रा नेहल को अंग्रेजी, इतिहास, राजनैतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, योगा, कार्य अनुभव, शारीरिक शिक्षा, गणित और सामान्य ज्ञान समेत तमाम विषयों में ए1 ग्रेड मिली है। नेहल ने अपनी सफलता का श्रेय पिता नरेन्द्र कुमार व मां शालिनी शर्मा व परिवारजनों व शिक्षकों को दिया है।

### फोरम की नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी




**जयपुर ।** कभी केवल डेस्टिनेशन वेडिंग्स के लिए पहचाना जाने वाला राजस्थान अब देश की इवेंट इंडस्ट्री का अगला बड़ा केंद्र बनने को तैयार है। तेजी से बदलते इस लैंडस्केप के बीच फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार रात आमेर रोड स्थित एक होटल में हुआ। समारोह में पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेंद्र शर्मा को कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रैमी अवॉर्ड विजेता और पद्म भूषण से सम्मानित प्रसिद्ध संगीतज्ञ विश्व मोहन भट्ट रहे। उनके साथ उनके पुत्र सलिल भट्ट भी कार्यक्रम ने उपस्थित थे। नई कार्यकारिणी में अजय चौहान और विनीत जैन ने उपाध्यक्ष, भुवनेश अग्रवाल (चावल वाला) ने जनरल सेक्रेटरी, कुलदीप सिंह ने कोषाध्यक्ष तथा सुनील विजयवर्गीय, यश माहेश्वरी, रोहित अजमेरा और अक्षत पुरोहित ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। समारोह में पूर्व अध्यक्ष, महावीर प्रताप शर्मा, हरप्रीत बग्गा और इवेंट गुरु अरशद हुसैन सहित इवेंट, होटल, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग शामिल हुए। इस अवसर पर इस साल आयोजित किए जाने वाले इंटरनेशनल वेडिग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव व इवेंटस्थान की भी घोषणा भी की गई।

### शिवदासपुरा में फर्नीचर फैक्ट्री में आग

**जयपुर।** शिवदासपुरा इलाके में शनिवार सुबह एक फर्नीचर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दमकल विभाग को फैक्ट्री के बाहरी हिस्से की दीवार तोड़ने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। करीब 10 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीतापुरा फायर स्टेशन की फायर ऑफिसर ऊषा शर्मा ने बताया कि जगतपुरा के रामचंद्रपुरा विधानी स्थित रामचंद्र मोतीलाल नाम की फर्नीचर फैक्ट्री में शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे जैसे ही फैक्ट्री खुली, उसके कुछ ही देर बाद अचानक चिंगारियां उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि आग भड़कते ही अंदर मौजूद सभी कर्मचारी और श्रमिक तुरंत बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सूखी लकड़ी और तैयार फर्नीचर होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में धुएं का गुबार छा गया।

### भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया

**जयपुर।** स्वेज़ फार्म स्थित श्री शनिदेव मंदिर में श्री शनिदेव का जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया जिसमें महंत भगवती प्रसाद ने बताया कि पुजारी राहुल शर्मा और पुजारी अंकित शर्मा ने भगवान शनिदेव का दूध अभिषेक और तेल अभिषेक कर नई पोशाक धारण करवाई तथा ठंडी शरबत व खीर इमरती का भोग लगाया। इसके बाद हजारों श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षण वर्ग आज से

**जयपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र में 17 मई से प्रदेश के 12 स्थानों पर 14 प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ होंगे। इनमें 10 संघ शिक्षा वर्ग, तीन घोष वर्ग और एक कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम शामिल है। इन वर्गों में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी, तरुण तथा विभिन्न व्यवसायों से जुडे स्वयंसेवक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि संघ शिक्षा वर्गों में स्वयंसेवकों को साधना, स्व-अनुशासन, त्यागपूर्ण जीवन तथा सामूहिक जीवन के सामंजस्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्गों में शारीरिक, सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण अवधि में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा जल संरक्षण को व्यवहार का हिस्सा बनाया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस वर्ष राजस्थान क्षेत्र का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम (सामान्य) जयपुर के राजापार्क में आयोजित होगा।

# लोग पूछते हैं संघ ने स्वतंत्रता के लिए क्या किया, तो यह जानने के लिए उन्हें अध्ययन करना चाहिए : राज्यपाल

**जयपुर ( कासं )।** जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में शनिवार को युग प्रवर्तक डॉ. हेडगेवार, संघ सृजन का नाट्य अविष्कार शीर्षक से नाटक का भव्य मंचन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा डॉ. केशव बलिराम

- **बिड़ला सभागार में डॉ. केशव हेडगेवार पर नाटक का मंचन**

हेडगेवार पर मंचित इस नाटक से आपको उनके जीवन का परिचय होगा। उन्होंने स्कूल में अंग्रेज महारानी द्वारा बाँटी गई मिठाई ग्रहण नहीं की क्योंकि वो हमारी महारानी नहीं थी। डॉ. साहब ने कांग्रेस के अधिवेशन में घोषणा की कि यही हिन्दू राष्ट्र है।

उन्होंने कहा, लोग बोलते हैं कि स्वतंत्रता के लिए संघ ने क्या किया तो यह जानने के लिए उन्हें अध्ययन करना चाहिए। संघ ने सुराज के लिए एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. साहब अंतिम समय काफ़ी बीमार रहे।

1940 में तृतीय वर्ष के संघ शिक्षा वर्ग में आए तो सभी स्वयंसेवकों को देख कर उन्होंने कहा, मैं यहां भारत का छोटा रूप देख रहा हूँ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आर्गेनाइजर में लेख लिखा था, जिसमें बताया कि मैं आज जो कुछ हूँ, संघ के प्रचारक नारायणराव तर्टे के कारण हूँ। डॉ. साहब ने ही नानाजी देशमुख को पिलानी में प्रचारक बनने के लिए भेजा। उन्होंने



राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शनिवार को जयपुर के बिड़ला सभागार में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार पर मंचित नाट्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कहा, एक प्रचारक कभी अपने अनुभव भूलता नहीं है। एक-एक रुपया जमा कर विवेकानंद जी का स्मारक बनाया। मोरोपन्त पिंगले ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि ऐसा अचार विचार का वातावरण बनाना है, जिससे विकास का मार्ग प्रशस्त हो। संघ का काम देश सेवा का बहुत बड़ा काम है। अपना काम तन्मयता से करते रहें तो काम बड़ा होता है। स्वयंसेवकों ने संघर्ष के कठिन दिन देखे हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रमेशचंद अग्रवाल ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम नदी के पुण्य प्रवाह की तरह चल रहा है। संघ का विशाल स्वरूप इसी भक्ति भाव का प्रतीक है। महामंडलेश्वर गणेश दास महाराज ने कहा डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार दूरदर्शी व्यक्ति थे जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत व मार्गदर्शक हैं। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा यह नाट्यय प्रस्तुति राष्ट्रीय चेतना की सांगठनात्मक शक्ति का प्रवाहक है।

डॉ. हेडगेवार ने कहा था कि राष्ट्रीय चेतना व्यक्ति निर्माण का महत्वपूर्ण अंग है। प्रज्ञा प्रवाह द्वारा आयोजित कार्यक्रम संस्कृति व संस्कारों से समाज को जोड़ने का काम कर रहा है। आइये हम सभी समृद्ध सांस्कृतिक व प्रेरणादायी भारत का निर्माण करें।नादब्रह्म के प्रचार प्रमुख रवींद्र सहस्त्रबुद्धे ने आभार व्यक्त किया। डॉ. अजय प्रधान द्वारा लिखित इस नाटक का निर्देशन सुबोध सुरजीकर ने किया है। निर्माता पद्मकर धनोरकर हैं। संगीत शैलेश दाणी का रहा। नागपुर की नादब्रह्म टीम ने यह नाटक तैयार किया है। नादब्रह्म नागपुर के 45 स्वयंसेवकों का संगठन है।

## जूनियर समर कैम्प का शुभारम्भ

**जयपुर ।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आयोजित जूनियर समर कैम्प 2026 का शुभारम्भ 16 मई को पर्यटन, कला एवं संस्कृति शासन सचिव तथा जेकेके की महानिदेशक शुचि त्यागी द्वारा किया गया। त्यागी ने बच्चों की प्रतिभा, कला के प्रति उनके रुझान एवं सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए सृजनशीलता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर बल दिया।


## वाहन चोर और खरीददार गिरफ्तार

**जयपुर ।** कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य वाहन चोर और चोरी की बाइक खरीदकर ठिकाने लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले मुख्य आरोपी राहुल मीणा (23 ) निवासी जोबनेर जिला जयपुर और सुरेश कुमार भौचल्या (31) निवासी रेनवाल जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल मीणा मास्टर चाबी की मदद से बाजारों और सुनसान स्थानों से चंद सेकंड में बाइक चोरी कर लेता था।

# दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** नाहरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाले एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (जयपुर उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी करने वाले एक शातिर नबकजन इब्राहिम (22) को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से नाहरी का नाका शास्त्रीनगर जयपुर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन के समय रिहायशी इलाकों में घूमकर सुनसान और सूने मकानों की रेकी करता है और मौका मिलते ही चंद मिनटों में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। थानाधिकारी दशरथ ने बताया कि



आरोपी इब्राहिम

पकडा गया आरोपी इब्राहिम आदतन अपराधी और शातिर नकबजन है। उसके खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के विभिन्न थानों (विशेषकर शास्त्री नगर) में चोरी, आरपीजीओ और एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 5 से 6 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।